# सहायक श्रम पदाधिकारी / श्रम निरीक्षक / श्रम उप निरीक्षक की नियुक्ति हेतु विज्ञापन

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | : | |
| ऑनलाईन आवेदन पत्र भरकर ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | : | |
| परीक्षा तिथि | : | |
| परीक्षा समय | : | |

श्रम विभागीय पत्र क्रमांक एफ 1–20 / 2019 / 16 दिनांक 06.05.2023 द्वारा श्रमायुक्त संगठन के अंतर्गत सीधी भर्ती के रिक्त पदों को भरे जाने हेतु दी गई सहमति के अनुसार श्रमायुक्त संगठन के अन्तर्गत **सहायक श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक** एवं **श्रम उप निरीक्षक** तृतीय श्रेणी के रिक्त पदों को सीधी भर्ती से भरने के लिए छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल, नया रायपुर के वेबसाईट **cgvyapam.choice.gov.in** पर आमंत्रित किये जाते हैं। पदों की संख्या परिवर्तनीय है। रिक्त पदों की संख्या एवं वेतनमान निम्नानुसार है :–

| सरल क्र | पद तथा विभाग का नाम | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से केवल छ0ग0 के महिलाओं के लिए आरक्षित | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से भूतपूर्व सैनिकों के लिए वर्गवार आरक्षित पद | | | | कुल रिक्तियों में छ0ग0 के स्थानीय निवासी निःशक्तजनों के लिए आरक्षित पद | योग | वेतन मैट्रिक्स |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. | अ. जा. | अ. ज. जा. | अ. पि. व. | अना. | अ. जा. | अ. ज. जा. | अ.पि. व. | अना. | अ.जा. | अ.ज. जा. | अ.पि. व. | | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) | (15) | (16) | (17) |
| 1. | सहायक श्रम पदाधिकारी | 1 | 1 | 2 | — | — | — | — | — | — | — | — | — | 1 (OA,OL,OAL, BL,B,LV,HH) | **4** | रू. 38100 (9) |
| 2. | श्रम निरीक्षक | 6 | 1 | 4 | 3 | 1 | — | 1 | — | — | — | — | — | 1 (HH) | **14** | रू. 28700 (7) |
| 3. | श्रम उप निरीक्षक | 6 | 2 | 5 | 3 | 1 | — | 1 | — | — | — | — | — | 1 (HH) | **16** | रू. 25300 (6) |
| | **योग** | **13** | **4** | **11** | **6** | **2** | **—** | **2** | — | — | — | — | — | **3** | **34** | |

श्रमायुक्त
श्रमायुक्त कार्यालय, छत्तीसगढ़
नवा रायपुर, अटल नगर

## विभागीय नियम एवं शर्ते

(1) (अ) **सेवा श्रेणी** :– तृतीय श्रेणी ।

(ब) **वेतनमान** :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सहायक श्रम पदाधिकारी | वेतन बैण्ड रू. 9300–34800+ ग्रेड पे 4300/– (मेट्रिक्स लेवल–9) |
| 2. | श्रम निरीक्षक | वेतन बैण्ड रू. 5200–20200+ ग्रेड पे 2800/– (मेट्रिक्स लेवल–7) |
| 3. | श्रम उप निरीक्षक | वेतन बैण्ड रू. 5200–20200+ ग्रेड पे 2400/– (मेट्रिक्स लेवल–6) |
| टीप :– छ.ग. शासन द्वारा समय–समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार मंहगाई भत्ते एवं अन्य भत्ते। | | |

(2) **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता –**

| क्र. | पदनाम | न्यूनतम आयु सीमा | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | सहायक श्रम पदाधिकारी | 21 वर्ष | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि |
| 2. | श्रम निरीक्षक | 21 वर्ष | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि |
| 3. | श्रम उप निरीक्षक | 21 वर्ष | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि |

(3) **आयु सीमा** – आयु सीमा की गणना सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना 21.06. 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत दिनांक– 01.01.2023 को 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो तथा 35 वर्ष से अधिक न हो। अधिकतम आयु सीमा में छूट राज्य सरकार के प्रचलित नियमों के अनुसार देय होगी।

(4) **प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती होगी।**

(5) **चयन परीक्षा की प्रक्रिया –**

(1) इस पद पर चयन हेतु छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा एक स्वंतत्र लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा राज्य के सभी संभागीय मुख्यालय में दिनांक–................. पूर्वान्ह ............. से .............. बजे तक परीक्षा आयोजित की जायेगी।

(2) अभ्यर्थी का चयन लिखित परीक्षा में प्राप्तांको के आधार पर तैयार की गई प्रावीण्य सूची से किया जायेगा।

(6) **शर्ते –**

(1) अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

(2) 150 पूर्णांक के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे।

(3) आवेदक का रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन होना आवश्यक है अथवा किसी कार्यालय में नियुक्ति है तो संबंधित कार्यालय का अनापत्ति प्रमाण पत्र आवश्यक है।

(4) समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जायेगी, जिन अभ्यर्थियों की जन्मतिथि पहले होगी उन्हें वरीयता प्रदान की जायेगी।

क्रमशः.....3

श्रमायुक्त
श्रमायुक्त कार्यालय, छत्तीसगढ़
नवा रायपुर, अटल नगर

जिन अभ्यर्थियों के अंक एवं आयु समान होंगे उनकी वरीयता अंग्रेजी के वर्णमाला के अनुसार निर्धारित की जायेगी।

(5) सम्पूर्ण प्रतीक्षा सूची सहित चयन सूची परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से एक वर्ष तक के लिये मान्य होगी तथा इस अवधि में नये स्वीकृत पदों पर या किसी भी कारण से हुये रिक्त पदों की भर्ती इस प्रतीक्षा सूची से की जा सकेगी।

(6) व्यावसायिक परीक्षा मण्डल से प्राप्त मेरिट सूची विभाग की वेबसाईट पर प्रदर्शित की जायेगी। चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार श्रमायुक्त को होगा।

(7) चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(8) प्रमाण पत्रों/दस्तावेजों की वैधानिकता प्रमाणित करने का भार अभ्यर्थी पर होगा। ऊपर उल्लेखित शर्तो के संबंध में कोई भी अभ्यावेदन मान्य नहीं होंगे।

(9) चयनित उम्मीद्वार को पुलिस व्हेरीफिकेशन कराने तथा जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् ही सेवा में लिया जावेगा।

(10) सहायक श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक एवं श्रम उप निरीक्षक के पद श्रमायुक्त के अधीन है तथा वे ही नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी है। अतः नियुक्ति आदेश संबंधित नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा ही जारी किये जायेंगे। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी नियुक्ति है, अतएव नियुक्ति के शर्तो के अनुसार किसी भी समय संबंधित नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सेवा समाप्त की जा सकती है।

(11) चयनित उम्मीद्वारों की नियुक्ति **तीन वर्ष** की परिवीक्षा पर ही की जावेगी।

(12) छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग के वित्त निर्देश 21/2020 अनुसार परिवीक्षावधि में वेतन देय होगा।

(13) चयन सूची से नियुक्ति छ.ग. लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण) अधिनियम के अधीन राज्य सरकार द्वारा विहित किये गये यथास्थिति श्रमायुक्त कार्यालय द्वारा संधारित रोस्टर के अनुसार की जायेगी।

(14) चयन एवं नियुक्ति की कार्यवाही छ0ग0 श्रम सेवा (अराजपत्रित) तृतीय श्रेणी भर्ती नियम 2014 के अधीन यथा संशोधित एवं शासन द्वारा समय–समय पर जारी आदेशो/निर्देशों के अनुसार होगी।

(15) उक्त उल्लेखित पद सहायक श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक एवं श्रम उप निरीक्षक के लिए एक ही मेरिट सूची जारी किया जावेगा। मेरिट के आधार पर सर्वप्रथम सहायक श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक के तत्पश्चात् श्रम उप निरीक्षक के पद भरे जायेंगे।

श्रमायुक्त
श्रमायुक्त कार्यालय, छत्तीसगढ़
नवा रायपुर, अटल नगर

क्रमशः......4

(16) महिलाओं को नियमानुसार हॉरिजोन्टल आरक्षण दिया जावेगा। किसी कारणवश महिला अभ्यर्थी का चयन न होने पर यदि पर रिक्त रह जाता है तो ऐसे पद अग्रणीत नहीं किये जायेंगे वरन् उसी प्रवर्ग के पुरूष उम्मीदवार द्वारा भरे जा सकेगें जिस प्रवर्ग के लिये आरक्षित है।

(17) भूतपूर्व सैनिकों, विकलांगो को नियमानुसार आरक्षण प्रदाय होगा।

(18) उपरोक्त पदों पर चयन के समय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीद्वारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(19) उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिए की जाने वाली चयन उपरांत नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में दायर एस0एल0पी0(सी) कमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन होंगी।

(20) **व्यापम का दायित्व मात्र परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम जारी करने तक सीमित रहेगा। मेरिट के आधार पर चयन/नियुक्ति की प्रक्रिया विभाग द्वारा की जावेगी।**

**परीक्षा पाठ्यक्रम तथा परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की विधि, परीक्षा शुल्क भुगतान की विधि तथा परीक्षा संचालन संबंधी निर्देश व्यापम की वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in पर देखा जा सकता है।**

(अमृत कुमार खलखो)
श्रमायुक्त
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर

श्रमायुक्त
श्रमायुक्त कार्यालय, छत्तीसगढ़
नवा रायपुर, अटल नगर

**कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर**
**व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002**
**Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,**
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

# व्यापम परीक्षा निर्देश

## कार्यालय श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत सहायक श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक एवं श्रम उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2023 (LOI23)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | – | 12-05-2023 (Friday) |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | – | 29-05-2023 (Monday) रात्रि 11:59 बजे तक |
| 3. | त्रुटि सुधार | – | 30-05-2023 to 01-06-2023 तक |
| 4. | व्यापम की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि | – | 10-06-2023 (Saturday) |
| 5. | परीक्षा की तिथि (संभावित) एवं समय | – | **18-06-2023 (Sunday) 10:00 A.M. to 01:15 P.M.** |
| 6. | परीक्षा केन्द्र : | – | **05 संभागीय जिला मुख्यालयों में** |

**महत्वपूर्ण टीप –**

- ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी आदि सम्बंधी प्रमाण–पत्र नहीं लिए जा रहे हैं । अभ्यर्थी के सभी प्रमाण–पत्र का परीक्षण नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा नियुक्ति के पूर्व की जाएगी । अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा । इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा ।
- ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटि को फार्म जमा करने के लिए **निर्धारित समय–सीमा के दौरान भी सुधार कर सकते हैं ।** इसके अलावा ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि के पश्चात् भी 03 दिवस का समय दिया जायेगा । परीक्षा दिवस को ओ.एम.आर. उत्तरशीट पर कोई त्रुटि सुधार की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी ।
- OMR उत्तरशीट में परीक्षा दिवस के दिन कोई भी त्रुटि सुधार की सुविधा **नहीं** दी जाएगी ।
- आवेदन पत्र भरने से पहले विभाग द्वारा जारी विज्ञापन को भली–भॉति पढ़ लेवें, आवश्यक दिशा निर्देशों को अत्यंत सावधानी से पढ़ें तथा सेम्पल फार्म (नमूना आवेदन पत्र) का अवलोकन करें ।
- भरे हुए ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट अवश्य लेकर रखें ।
- अभ्यर्थी अपना स्वयं का फोटो .jpg/.jpeg फार्मेट में स्कैन कर कर फाइल के रूप में रखें । जिसका अधिकतम साइज 60 kb एवं न्यूनतम साइज 40 kb का हो, सेव कर रखें। (फाइल का नाम अल्फान्यूमेरिक में रखें, बीच में अंतराल तथा डॉट का प्रयोग न करें)
- साथ ही अभ्यर्थी अपने स्वयं के हस्ताक्षर का फोटो भी स्कैन कर कर एक अलग .jpg/.jpeg फार्मेट में फाइल के रूप में रखे। जिसका अधिकतम साइज 40 kb एवं न्यूनतम साइज 20 kb का हो, सेव कर रखें।
- कोविड 19 महामारी के कारण राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों का पालन सभी अभ्यर्थियों को करना अनिवार्य होगा ।

## महत्वपूर्ण जानकारी

**1. पात्रता :–** आवेदन हेतु पात्रता के संबंध में विभागीय नियम देखें । केवल वे अभ्यर्थी पात्र होंगे जो विभागीय नियमों में दी गई शर्तें पूरी करते हों। **मात्र आवेदन पत्र प्रेषित करना अथवा परीक्षा में सम्मिलित होना अभ्यर्थी को पात्र नहीं बनाता है ।**

**2. ऑनलाइन आवेदन करने की विधि :–**

ऑनलाइन आवेदन करने की विधि की जानकारी व्यापम की वेबसाइट के लिंक पर उपलब्ध फाइल से प्राप्त की जा सकती है ।

**3. ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार करने की विधि :–**

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि के बाद अभ्यर्थी को भरे हुए आवेदन में त्रुटि सुधार हेतु निम्न निर्देश दिया जाता है –

1. अभ्यर्थी अपने ऑनलाइन आवेदन में पूर्व में की गई प्रविष्टियों को सुधार सकता है।
2. **OMR उत्तरशीट में किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार की सुविधा नहीं दी जायेगी ।**
3. ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टि/त्रुटि सुधार कर की गई प्रविष्टि के अनुसार ही प्रवेश पत्र जारी किया जावेगा । पश्चात् परीक्षा प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर त्रुटि सुधार नहीं होगा ।
4. प्रवेश पत्र जारी होने के बाद, परीक्षा उपरांत एवं परीक्षा परिणाम के बाद त्रुटि सुधार संबंधी कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। त्रुटि सुधार के लिए हार्ड कॉपी/सॉफ्ट कॉपी में व्यापम को भेजा गया कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**4. प्रवेश पत्र संबंधी जानकारी :–**

परीक्षा के लगभग दस दिन पूर्व एडमिट कार्ड व्यापम की वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा इसे प्राप्त करने के लिए वेबसाइट में अपना Registration ID डालकर इसे ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा पश्चात् भी एडमिट कार्ड को संभालकर रखें । काउंसलिंग के समय तथा सर्विस ज्वाइनिंग के समय इसे प्रस्तुत करना होगा। एडमिट कार्ड की द्वितीय प्रति व्यापम द्वारा प्रदाय नहीं किया जावेगा ।

**पोस्ट ऑफिस के माध्यम से अलग से एडमिट कार्ड नहीं भेजा जायेगा।**

**5. हेल्प लाइन संबंधी जानकारी :–**

ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर कार्य दिवसों में प्रातः 10.00 से सायं 5.00 बजे (कार्यालयीन समय) के बीच 0771–2972780 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं । साथ ही अवकाश के दिनों में मोबाइल नंबर 8269801982 पर संपर्क कर सकते हैं ।

**6. पाठ्यक्रम संबंधी जानकारी :–**

उक्त परीक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम वेबसाइट के "Syllabus" लिंक पर उपलब्ध है, जिसका अवलोकन कर लेवें, आवश्यक समझे तो प्रिंट आउट प्राप्त कर लेवें ।

**7. परीक्षा कक्ष में प्रवेश :–**

(अ) परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी केवल निम्नलिखित सामग्री लायें–

(1) परीक्षा प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) – ऑनलाइन से प्राप्त प्रवेश पत्र में यदि फोटो प्रिंट न हुआ हो तो दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लेकर परीक्षा केन्द्र में जावें

(2) नीला/काला डाटपेन ।

(3) अभ्यर्थी अपने साथ मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्रायविंग लायसेंस, पैन कार्ड, वोटर आई डी लेकर ही परीक्षा केन्द्र में आयेंगे जिससे कि उनकी पहचान सुनिश्चित की जा सके । **मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा में सम्मिलित होने से उन्हें वंचित किया जायेगा ।**

(4) अभ्यर्थी को मास्क पहनकर आना अनिवार्य होगा। बिना मास्क के प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

(5) परीक्षा केन्द्र में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य होगा ।

नोट– अभ्यर्थी के पास अन्य सामग्री जैसे सामान्य केलकुलेटर, लॉगटेबिल साइंटिफिक केलकुलेटर, पेपर, मोबाईल फोन आदि पाये जाते है तो अभ्यर्थी का प्रकरण अनुचित साधन के प्रयोग (UFM) में दर्ज किया जावेगा।

(ब) परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट बाद परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

**8. <u>परीक्षा पद्धति</u> :–**

प्रश्नपत्र में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे, जिसके चार विकल्प में से एक विकल्प सही होगा, सही विकल्प पर उत्तरशीट में नीले/काले डॉट पेन से गोला को पूर्णतः भरना होगा।

**9. मूल्यांकन पद्धति :–**

प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर दिये गये होंगे। उनमें से एक उत्तर सही तथा तीन उत्तर गलत होंगे। प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर अंकित करने पर नियत अंक दिया जायेगा । गलत उत्तर अथवा एक से अधिक उत्तर अंकित करने पर (–) ऋणात्मक अंक का प्रावधान होने से एक गलत उत्तर पर नियत अंक का 1/4 अंक काटे जायेंगे। परीक्षार्थी द्वारा जिन प्रश्नों के उत्तर अंकित नहीं किये जायेंगे उनके लिऐ शून्य **(zero)** अंक प्रदान किये जायेंगे।

**10. <u>दावा/आपत्ति का निराकरण</u> :–**

परीक्षा सम्पन्न होने के बाद व्यापम द्वारा विषय विशेषज्ञों से प्रश्न पत्र विश्लेषण पश्चात मॉडल उत्तर तैयार कराया जाता है तथा उसे व्यापम के वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाता है । यदि किसी परीक्षार्थी को व्यापम द्वारा जारी मॉडल उत्तर पर आपत्ति हो तो नियत अवधि के भीतर सप्रमाण दावा/आपत्ति (किसी गाइड बुक का प्रमाण मान्य नहीं होगा।) व्यापम द्वारा निर्मित व्यापम की वेबसाइट पर दावा आपत्ति सेक्शन में जाकर दावा आपत्ति पोर्टल पर दर्ज करा सकते हैं। डाक एवं स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत किये गये दावा–आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

पोर्टल पर दावा आपत्ति हेतु अभ्यर्थी को अपना पंजीयन क्रमांक एवं जन्म तिथि डालकर लॉगिन करना होगा और निर्देशानुसार दावा आपत्ति दर्ज करानी होगी । दावा आपत्ति दर्ज कराने की विस्तृत प्रक्रिया का मेनुअल URL के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । कृपया इसका भलीभॉति अध्ययन कर लें । दावा आपत्ति को पोर्टल पर पंजीकृत कराने से पूर्व आपत्ति के पक्ष में दिये जाने वाले दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी अपलोडिंग हेतु तैयार रखें एवं आपत्ति दर्ज करने की प्रक्रिया पूर्ण होने पर इसकी पावती भी डाउनलोड कर लेवें ।

नियत दिनांक एवं निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति, पोर्टल पर स्वीकार नहीं होंगे। बिना प्रमाण का दावा/आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जावेगा। प्राप्त दावा/आपत्ति के परीक्षण पश्चात् विषय विशेषज्ञों द्वारा अंतिम निर्णय लिया जावेगा। दावा/आपत्ति के सम्बन्ध में विषय विशेषज्ञों का निर्णय ही मान्य किया जावेगा। प्रत्येक प्रश्न का दावा/आपत्ति अलग–अलग प्रस्तुत करना होगा। एक साथ एक से अधिक प्रश्नों पर दावा/आपत्ति प्रस्तुत करने पर अमान्य किया जायेगा । कितने भी प्रश्नों पर दावा/आपत्ति अलग–अलग प्रस्तुत करने पर उन पर विचार किया जायेगा ।

प्राप्त दावा/आपत्ति का विषय विशेषज्ञों द्वारा सूक्ष्म परीक्षण पश्चात निराकरण किया जाता है तथा मॉडल उत्तर में आवश्यक संशोधन या निरसन पश्चात अंतिम उत्तर तैयार किया जाता है, जिसे व्यापम के वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाता है तथा उसी के आधार पर व्यापम द्वारा उत्तरशीट का मूल्यांकन किया जाता है । **व्यापम द्वारा जारी अंतिम उत्तर पर किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा।**

**11. <u>त्रुटि पूर्ण प्रश्न, उसका निरस्तीकरण एवं बदले में दिया गया अंक</u> :–**

परीक्षा उपरांत छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, द्वारा विषय विशेषज्ञों से प्रत्येक प्रश्न के परीक्षण पश्चात् मॉडल उत्तर एवं दावा/आपत्ति के निराकरण पश्चात अंतिम उत्तर तैयार कराया जाता है। विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रश्न को त्रुटिपूर्ण पाए जाने पर निरस्त कर दिया जाता है।

निम्नलिखित कारणों से प्रश्न निरस्त किए जा सकते हैं–

1. प्रश्न की संरचना गलत हो,
2. उत्तर के रुप में दिये गये विकल्पों में एक से अधिक विकल्प सही हो,
3. कोई भी विकल्प सही न हो,
4. किसी प्रश्न के हिन्दी और अंग्रेजी रुपांतर में अंतर हो जिस कारण दोनों के भिन्न–भिन्न अर्थ निकलते हों और एक भी सही उत्तर स्पष्ट न होता हो.
5. मुद्रण त्रुटि हुई हो जिससे सही उत्तर प्राप्त न हो ।

विषय विशेषज्ञ समिति द्वारा की गई अनुशंसा अनुसार ऐसे निरस्त किए गए प्रश्नों के लिये सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा में उनके द्वारा अर्जित अंकों के अनुपात में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल अंक प्रदान करता है, भले ही उसने निरस्त किए गए प्रश्नों को हल किया हो या नहीं।

उदाहरण के लिए 150 प्रश्नों के प्रश्न पत्र जिसमें कुल अंक 150 है, में से 06 प्रश्न निरस्त किए जाते हैं और मूल्यांकन के बाद अभ्यर्थी 144 प्रश्नों में से 104 प्रश्नों का सही उत्तर अंकित करता है, 22 प्रश्नों का गलत उत्तर अंकित करता है तथा निगेटिव मार्किंग होने से 18 प्रश्नों का उत्तर अंकित नहीं करता तो उसके कुल अंकों की गणना इस प्रकार होगी –

**सही उत्तरों की संख्या – गलत उत्तरों की संख्या काटे गये अंक = अभ्यर्थी का प्राप्तांक**

**104 – $\frac{22}{4}$ = 5.5 = 104–5.5 = 98.5**

$$\frac{\text{प्राप्तांक x कुल प्रश्न}}{\text{कुल प्रश्न – निरस्त प्रश्न}} = \frac{98.5 \times 150}{150 - 6} = 102.604 \text{ कुल प्राप्तांक}$$

तद्नुसार कुल प्राप्तांक के आधार पर मेरिट निर्धारित होगी ।

**12.** <u>परीक्षा परिणाम</u> :–

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा संबंधित विभाग के नियमों के आधार पर मेरिट सूची, कुल प्राप्तांक एवं रेंकिंग सहित घोषित की जावेगी। अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम व्यापम के वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in **पर देख सकते हैं तथा प्रिंट प्राप्त** कर सकते हैं।

**13.** <u>पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन</u> :–

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा **उत्तरशीट का मूल्यांकन ओ.एम.आर. मशीन से किया जाता है, अतः पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं रखा गया है।**

**14.** <u>क्षेत्राधिकार</u> (JURISDICTION) :–

**व्यापम का दायित्व मात्र परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम जारी करने तक सीमित रहेगा। मेरिट के आधार पर चयन/नियुक्ति की प्रकिया विभाग द्वारा की जावेगी।**

**परीक्षा शहर एवं कोड नंबर–**

| क्र. | परीक्षा का शहर का नाम | – | कोड नंबर |
|---|---|---|---|
| 1. | अम्बिकापुर (सरगुजा) | – | 11 |
| 2. | बिलासपुर | – | 13 |
| 3. | दुर्ग | – | 16 |
| 4. | जगदलपुर | – | 17 |
| 5. | रायपुर | – | 25 |

**परीक्षा समन्वयक केन्द्रों के नाम –**

| क्र. | जिला | महाविद्यालय का नाम | फोन नंबर |
|---|---|---|---|
| 1. | अम्बिकापुर | राजीव गांधी शासकीय पी.जी. महाविद्यालय, अम्बिकापुर | 07774–230921 |
| 2. | बिलासपुर | शासकीय ई. राघवेन्द्र राव,स्नातकोत्तर विज्ञान महा., बिलासपुर, | 07752–246430 |
| 3. | दुर्ग | विश्वनाथ तामस्कर शासकीय कला एवं विज्ञान महा.,दुर्ग | 0788–2211688 |
| 4. | जगदलपुर | शासकीय पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर | 07782–229340 |
| 5. | रायपुर | शासकीय नागार्जुन पी.जी. विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर | 0771–2263131 |

**नियंत्रक**
**छ.ग. व्यापम, नवा रायपुर**

## / /सहायक श्रम पदाधिकारी / श्रम निरीक्षक / श्रम उप निरीक्षक परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम / /

- पदवार लिखित परीक्षा के आयोजन का पाठ्यक्रम संलग्न है।
- परीक्षा की अवधि – 03 घंटे।
- कुल प्रश्नो की संख्या – 150
- विषयवार अंको की जानकारी –

| क्र | विषय | भाग | कुल प्रश्न | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य अध्ययन | एक | 65 | 65 |
| 2 | कम्प्यूटर की सामान्य जानकारी | दो | 20 | 20 |
| 3 | योग्यता परीक्षण | तीन | 50 | 50 |
| 4 | श्रम विभाग संबंधी जानकारी | चार | 15 | 15 |
| योग | | | 150 | 150 |

प्रति प्रश्न ऋणात्मक अंक संबंधी जानकारी –

प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर दिये गये होंगे। उनमें से एक उत्तर सही तथा तीन उत्तर गलत होंगे। प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर अंकित करने पर एक अंक एवं गलत उत्तर अथवा एक से अधिक उत्तर अंकित करने पर (–) ऋणात्मक अंक का प्रावधान होने से एक गलत उत्तर पर 1/4 अंक काटे जायेंगे। परीक्षार्थी द्वारा जिन प्रश्नों के उत्तर अंकित नहीं किये जायेंगे उनके लिए शून्य (Zero) अंक प्रदान किये जायेंगे।

(अमृत कुमार खलखो)
श्रमायुक्त
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर

# सहायक श्रम पदाधिकारी / श्रम निरीक्षक / श्रम उप निरीक्षक परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम

## सामान्य अध्ययन एवं योग्यता परीक्षण

### भाग – 1

### सामान्य अध्ययन

(प्रश्न पत्र के इस भाग के 65 अंकों के कुल 65 प्रश्न होंगे।)

**(1) सामान्य अध्ययन :–**

1. भारत का इतिहास एवं भारत का स्वतंत्रता आंदोलन।
2. भारत का भौतिक, सामाजिक एवं आर्थिक भूगोल।
3. भारत का संविधान एवं राज्य व्यवस्था।
4. भारत की अर्थव्यवस्था।
5. सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी।
6. भारतीय दर्शन, कला, साहित्य एवं संस्कृति।
7. समसामयिक घटनाएं एवं खेल।
8. पर्यावरण।

**(2) छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान :–**

1. छत्तीसगढ़ का इतिहास एवं स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ का योगदान।
2. छत्तीसगढ़ का भूगोल, जलवायु, भौतिक दशाएं, जनगणना, पुरातात्विक एवं पर्यटन केन्द्र।
3. छत्तीसगढ़ का साहित्य, नृत्य, कला एवं संस्कृति, जनऊला, मुहावरे, हाना एवं लोकोत्तियां।
4. छत्तीसगढ़ की जनजातियां, विशेष परंपराएं, तीज एवं त्यौहार।
5. छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था, वन एवं कृषि।
6. छत्तीसगढ़ का प्रशासनिक ढांचा, स्थानीय शासन एवं पंचायती राज।
7. छत्तीसगढ़ के उद्योग, ऊर्जा, जल एवं खनिज संसाधन।
8. छत्तीसगढ़ की समसामयिक घटनाएं।

**(1) GENERAL STUDIES :-**

1. History of India and Indian National Movement.
2. Physical, Social & Economic Geography of India.
3. Constitution of India & Polity.
4. Indian Economy.
5. General Science & Technology.
6. Indian Philosphy, Art, Litereture & Cutlure.
7. Current Affairs & Sports.
8. Environment.

**(2) GENERAL KNOWLEDGE OF CHHATTISGARH :-**

1. History of Chattisgarh & Contribution of Chhattisgarh in Freedom Movement.
2. Geography, Climate, Physical status, Census, Archeological and Tourist Centres of Chhattisgarh.
3. Litrature, Music, Dance, Art and Culture, Idioms and Proverbs, Puzzle/riddle (जनऊला), Singing(हाना) of Chhattisgarh.
4. Tribes, Special Traditions, Teej and Festivals of Chhattisgarh.
5. Economy, Forest and Agriculture of Chhattigarh.
6. Administrative Structure, Local Government and Panchayatiraj of Chhattisagarh.
7. Industry in Chhattisgarh, Energy, Water and Mineral Resource of Chhattisgarh.
8. Current Affairs of Chhattisgarh.

श्रमायुक्त
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर

| | |
|---|---|
| | **भाग –2** |
| | **(प्रश्न पत्र के इस भाग के 20 अंको के कुल 20 प्रश्न होंगे)** |
| (1) | कम्प्यूटर का सामान्य जानकारी :– |
| 1. | कम्प्यूटर का उपयोग–कम्प्यूटर का उपयोग कहॉ–कहॉ एवं किस लिए किया जाता है इसकी सामान्य जानकारी |
| 2. | कम्प्यूटर के प्रमुख भाग–सी.पी.यू. इनपुट डिवाईस, आउटपुट डिवाईस की सामान्य जानकारी |
| 3. | प्रिंटर के प्रकार–इंकजेट, लेजरजेट एवं अन्य प्रकार के प्रिंटर |
| 4. | आपरेटिंग सिस्टम के नाम– MS DOS , कमर्शियल एवं ओपन सोर्स, आपरेटिंग सिस्टम के नाम। |
| 5. | कार्यालय के उपयोग के लायक सामान्य माईक्रोसॉफट् ऑफिस के अंतर्गत वर्ड, एक्सेल एवं पॉवर पॉइंट की जानकारी। |
| 6. | इंटरनेट के उपयोग–ई–मेल, डाक्यूमेंट सर्चिंग, वेबसाईट सर्फिंग विभिन्न सरकारी विभागों के वेबसाईट की सामान्य जानकारी। |
| 7. | एंटीवायरस के उपयोग–कम्प्यूटर वायरस से होने वाले नुकसान एवं कम्प्यूटर वायरस की सामान्य जानकारी। |
| 8. | मल्टीमिडिया के उपयोग–ऑडियो, वीडियों एवं टेक्स्ट का उपयोग करने की सामान्य जानकारी। |
| 9. | सी.डी. / डी.व्ही.डी. से संबंधित सामान्य जानकारी। |
| 10. | गूगल, अलविस्ता, यू–ट्यूब की सामान्य जानकारी–सर्च इंजिन से वांछित जानकारी कैसे प्राप्त की जाए इसकी सामान्य जानकारी। |
| (1) | **GENERAL KNOWLEDGE OF COMPUTER :-** |
| 1. | Uses of Computer - How and Where to use Computer, It's general information |
| 2. | Important parts of Computer - General information of CPU, Input Device, Output Device |
| 3. | Types of Printer - Inkjet, Laserjet and other types of printer. |
| 4. | Name of Operating system - MS DOS, Commercial and open Source, Name of operating system. |
| 5. | General information for office uses - MS Office - Word, Excel, Power Point. |
| 6. | Uses of Internet - E-mail, Document searching, website surfing general information of government department's website |
| 7. | Use of Antivirus - General information about computer virus and its ill effects. |
| 8. | Uses of Multimedia - General information about uses of Audio, Video and Text.. |
| 9. | Genral information related to CD/DVD |
| 10. | General information of Goolgle, Alvista, You-tube - How to collect desired information to Search Engine It's general information. |

श्रमायुक्त
छत्तीसगढ़, नया रायपुर

| भाग –3 | |
|---|---|
| योग्यता परीक्षण | |
| (प्रश्न पत्र के इस भाग के 50 अंको के कुल 50 प्रश्न होंगे) | |
| 1. | संचार कौशल सहित पारस्परिक कौशल। |
| 2. | तार्किक तर्क और विश्लेषणात्मक क्षमता। |
| 3. | निर्णय – निर्माण और समस्या निवारण। |
| 4. | सामान्य मानसिक योग्यता। |
| 5. | मूल संख्यात्मक कार्य (सामान्य गणितीय कौशल) (स्तर–कक्षा दसवीं) आंकड़ो की व्याख्या (चार्ट, रेखांकर, तालिकाएं, आंकड़ों की पर्याप्तता इत्यादि) (स्तर–कक्षा दसवीं) |
| 6. | अंग्रेजी भाषा ज्ञान (स्तर–कक्षा दसवीं) |
| 7. | हिन्दी भाषा ज्ञान (स्तर–कक्षा दसवीं) |
| 8. | छत्तीसगढ़ी भाषा ज्ञान |
| | अंग्रेजी भाषा ज्ञान, हिन्दी भाषा ज्ञान और छत्तीसगढ़ी भाषा से संबंधित प्रश्न उसी भाषा में होंगे, इसका अनुवाद उपलब्ध नहीं होगा। |
| **Aptitude Test :** | |
| 1. | Interpersonal skills including communication skills; |
| 2. | Logical reasoning and analytical ability |
| 3. | Decision making and problem solving |
| 4. | General menatal ability |
| 5. | Basic numeracy (numbers and their relations, orders of magnitude etc.) (Class X level), Data interpretation (charts, graphs, tables, data sufficiency etc. - Class X level). |
| 6. | Knowledge of English Language (Class X level) |
| 7. | Knowledge of Hindi Language (Class X level) |
| 8. | Knowledge of Chhattisgarhi Language |
| | Knowledge of English Language, Hindi Language and Chhattisgarhi Language will be tested in English, Hindi and Chhattisgarhi Language only without providing translation. |

(अमृत कुमार खलखो)
श्रमायुक्त
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर

## भाग – 4
## श्रम विभाग संबंधी जानकारी
(प्रश्न पत्र के इस भाग के 15 अंकों के कुल 15 प्रश्न होंगे)

1. श्रम विधियों का इतिहास।
2. भारतीय संविधान में श्रम संबंधी प्रावधान।
3. महिला, बच्चों एवं बंधक श्रमिक हेतु श्रमिक कानून।
4. श्रमिकों के मजदूरी संबंधी कानून
   (विशेषतः– वेतन भुगतान अधिनियम, न्यूनतम वेतन अधिनियम)
5. छत्तीसगढ़ राज्य में श्रमिक हित में संचालित योजनाएं।

1. History of labour laws.
2. Labour related provisions in the Indian Constitution.
3. Labour law for women, children and bonded labour.
4. Labour related provisions in the Labour Laws
(Specially ;- Payment of Wages Act, Minimum Wages Act)
5. Schemes operated for the welfare of labors in the state of Chhattisgarh

(अमृत कुमार खलखो)
श्रमायुक्त
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर

# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002

**Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,**

Website- https://vyapam.cgstate.gov.in


## कार्यालय श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत सहायक श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक एवं श्रम उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2023 **(LOI23)**

### ऑनलाइन फार्म भरने से पहले निम्न बिन्दुओं पर अवश्य ध्यान देवें

1. अभ्यर्थियों की सुविधा की दृष्टि से व्यापम ने आवेदकों के <u>प्रोफाइल पंजीकरण</u> की व्यवस्था व्यापम पोर्टल पर की है। एक बार <u>प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण)</u> करने के बाद परीक्षा विशेष के लिए आवेदन करने हेतु आवेदक को बार–बार व्यक्तिगत जानकारी नहीं भरनी होगी । यह जानकारी उनके प्रोफाइल पंजीयन से स्वमेव आ जायेगी । इससे त्रुटि की संभावना कम होगी ।

2. ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी आदि सम्बंधी प्रमाण–पत्र नहीं लिए जा रहे हैं । अभ्यर्थी के सभी प्रमाण–पत्र का परीक्षण नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा नियुक्ति के पूर्व की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा । इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा ।

3. ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार हेतु अभ्यर्थी को समय दिया गया है । परीक्षा दिवस के दिन ओ.एम.आर./OMR उत्तरशीट पर कोई त्रुटि सुधार की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। आवेदन पत्र की प्रविष्टियों के आधार पर परीक्षा परिणाम जारी किया जावेगा । त्रुटि सुधार के लिए हार्ड कॉपी/सॉफ्ट कॉपी में भेजा गया कोई भी आवेदन व्यापम द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

4. आवेदन भरने के पूर्व विभाग द्वारा जारी नियमों को ध्यान से पढ़े ।

5. आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद कृपया इसका प्रिंट आउट अपने पास अनिवार्य रूप से रखें।

6. व्यापम के वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in में ऑनलाइन <u>प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण)</u> फार्म भरने हेतु अभ्यर्थी अपना स्वयं का फोटो .jpg/.jpeg फार्मेट में स्कैन कर कर फाइल के रूप में रखें । जिसका अधिकतम साइज 60 kb एवं न्यूनतम साइज 40 kb का हो, सेव कर रखें। (फाइल का नाम अल्फान्यूमेरिक में रखें, बीच में अंतराल तथा डॉट का प्रयोग न करें), साथ ही अभ्यर्थी अपने स्वयं के हस्ताक्षर का फोटो भी स्कैन कर कर एक अलग .jpg/.jpeg फार्मेट में फाइल के रूप में रखे। जिसका अधिकतम साइज 40 kb एवं न्यूनतम साइज 20 kb का हो, सेव कर रखें, जिसे आवेदन पत्र (फार्म) में अपलोड किया जा सके।

7. आवेदन फार्म भरने से पहले फार्म में आवश्यक जानकारियॉ एक कोरा कागज में लिख कर तैयार रखें एवं ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने के बाद यह सुनिश्चित कर लेवें कि दी गई सभी जानकारियॉ सही है।

8. आपका वैध E-mail (ई मेल) आई.डी. होना आवश्यक है । अतः अपना E-mail बनाकर तैयार रखे ।

9. छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा शुल्क अदा करने हेतु बैंक का डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के उपयोग में निर्धारित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त बैंक कमीशन भी कटेगा । उसके बाद ही आपका आवेदन स्वीकार होगा। इसमें एक Registration ID नंबर Generate होगा तथा Successful Upload के बाद फार्म की कापी में दिखेगा ।

10. इसके साथ ही व्यापम के **Home Page** के **Check Transaction Status** में भी **Registration ID** डालकर अपने आवेदन पत्र की स्थिति देख लें, जिससे आप सुनिश्चित हो जायें कि आपका आवेदन मय शुल्क के व्यापम में पहुॅंच चुका है । इसी Registration ID नम्बर के आधार पर परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड इसी वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर परीक्षा के पूर्व लोड किये जायेंगे जिसमें से प्रिंट प्राप्त कर आप परीक्षा में शामिल हो सकेंगे ।

..................................................

**कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर**
**व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002**
**Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,**
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in


कार्यालय श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत सहायक श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक एवं श्रम उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2023 **(LOI23)**

## प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) फार्म

अभ्यर्थी स्वयं के संबंध में बिन्दुवार मांगी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक भरें, जो निम्नानुसार है :–

1. Mobile No. Verification- अभ्यर्थी अपना मोबाइल नंबर अंकित करें ।
2. First Name, Middle Name & Last Name.- अभ्यर्थी अपना नाम अंकित करें ।
3. Create Password - अभ्यर्थी अपना पासवर्ड अंकित कर, पासवर्ड की पुष्टि करें ।
4. Basic Information – में अभ्यर्थी स्वयं की मूलभूत जानकारी अंकित करें ।
5. Candidate`s Name- अभ्यर्थी अपना नाम अंग्रेजी के केपिटल अक्षर में लिखें ।
6. Relative`s Type- अभ्यर्थी अपने रिश्तेदार का प्रकार का चयन करें, उसी अनुसार Father/Mother/Husband–(पिता, माता, पति) में किसी एक को सेलेक्ट करें । उपरोक्तानुसार नाम में से संबंधित के नाम को केपिटल अक्षर में लिखें। नाम के पहले श्री/श्रीमती/स्व. आदि न लिखें।
7. Relative`s Name – रिश्तेदार का नाम के साथ माता का नाम भी केपिटल अक्षर में लिखें। नाम के पहले श्री/श्रीमती/स्व. आदि न लिखें।
8. Gender में (लिंग) पुरूष, महिला या तृतीय लिंग जिससे आप संबंधित हैं, सेलेक्ट करें।
9. Date of Birth- जन्मतिथि को (दसवीं की अंकसूची में दर्शाये अनुसार) दिनांक, माह एवं वर्ष में ड्राप डाउन बॉक्स से सेलेक्ट करें । (जैसा कि 27 दिसंबर 1987 को दिनांक के बॉक्स में 27, माह के बॉक्स में दिसंबर एवं वर्ष के बॉक्स मे 1987 सेलेक्ट करें)
10. Domicile of Chhattisgarh: (छत्तीसगढ़ के निवासी)– यदि आप छत्तीसगढ़ के निवासी हैं, तो हॉ Yes अन्यथा नहीं No को सेलेक्ट करें ।
11. Family Yearly Income: अभ्यर्थी पारिवारिक वार्षिक आय का उल्लेख करें ।
12. कृपया अपना स्वयं का फोटो अपलोड करें । (40kb to 60 kb)
13. कृपया अपना हस्ताक्षर का फोटो भी अपलोड करें । (40kb to 60 kb)
14. Are you Person with Disability (PWD) में (दिव्यांग वर्ग) क्या आप दिव्यांग वर्ग से संबंधित है ? Yes या No सेलेक्ट करें।
15. Other Information/अन्य जानकारी – Nationality/नागरिकता अभ्यर्थी नागरिकता का चयन करें ।
16. Category (Caste)- में वर्ग जिससे आप संबंधित हैं, सेलेक्ट करें।
17. District Domicile- (स्थानीय जिला निवासी)– आप जिस जिले के स्थानीय निवासी हैं, उस जिले का चयन करें ।
18. Marital Status: (वैवाहिक स्थिति) – यदि आप विवाहित है तो हॉ Yes अन्यथा नहीं No को सेलेक्ट करें ।

19. Email Id- प्रत्येक आवेदक का ईमेल आई.डी होना अनिवार्य है । यदि नहीं है तो अपना ईमेल आई.डी. अवश्य बना लें तथा इस वैध ईमेल आई डी को इस खंड में अंकित करें । **पोस्ट ऑफिस के माध्यम से एडमिट कार्ड या कोई भी जानकारी नहीं भेजी जावेगी।**

20. Mobile No.- में अपना 10 डिजिट का मोबाइल नंबर अंकित करना अनिवार्य है। मोबाइल नंबर के पहले शून्य (0) न लिखें ।

21. Present Address/ - वर्तमान पता – अभ्यर्थी अपना डाक का पता को House No. में मकान नंबर (यदि हो तो) Street Name में सड़क/मोहल्ला का नाम, City/Village में शहर/गॉव का नाम, State में राज्य का नाम, District में निवास जिले का नाम सेलेक्ट करें। पिन में अपने डाकघर का पिन कोड अंकित करें। Permanent Address/स्थाई पता वर्तमान पते के समान होने पर उपरोक्तानुसार अंकित करें ।

22. Declaration- (घोषणा) – इसमें यह दिया गया है कि –

    ''मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में स्वयं के नाम, श्रेणी, वर्ग, शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, डाकपता एवं अन्य दी गई सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही है, जिसके सत्यतापूर्वक और सही होने की मैं घोषणा करता/करती हूँ । मैंने विभाग द्वारा जारी विज्ञापन में दर्शित नियमों एवं व्यापम के नियमों को पढ़ा है एवं समझा है । यदि ऊपर दी गई कोई भी जानकारी असत्य पायी जाती है तो चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर मुझे पूर्व सूचना दिये बिना मेरी अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकती है।''

23. I Agree–/(मैं सहमत हूँ) –इसमें उपरोक्त Declaration घोषणा को पढ़कर समझने के बाद अपनी सहमति प्रकट करते हुए सहमत हूँ पर क्लिक करें ।

24. Captcha/कृपया कैप्चा को दर्ज करें ।

25. **इसके पश्चात Submit में क्लिक करें ।**

..............................................

**कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर**
**व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002**
**Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,**
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

कार्यालय श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत सहायक श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक एवं श्रम उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2023 **(LOI23)**

## ऑनलाइन आवेदन करने की विधि

Application Form में क्लिक करते ही "ON LINE APPLICATION FOR **सहायक श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक एवं श्रम उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2023 (LOI23)** हेतु **(कार्यालय श्रमायुक्त, रायपुर)** आवेदन पत्र **से एक पेज खुलेगा" जिसमें दी गई जानकारी** अनुसार कार्य करें ।

- ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी आदि सम्बंधी प्रमाण–पत्र नहीं लिए जा रहे हैं । अभ्यर्थी के सभी प्रमाण–पत्र का परीक्षण नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा नियुक्ति के पूर्व की जाएगी । अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा । इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा ।
- ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटि को फार्म जमा करने के लिए निर्धारित समय–सीमा के दौरान भी सुधार कर सकते हैं । इसके अलावा ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि के पश्चात् भी 03 दिवस का समय दिया जायेगा । परीक्षा दिवस को ओ.एम.आर. उत्तरशीट पर कोई त्रुटि सुधार की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी ।
- आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद कृपया इसका प्रिंट आउट अपने पास अनिवार्य रूप से रखें ।

Exam Applied For : (आवेदित परीक्षा) – आप जिस–जिस पदों के लिए परीक्षा देना चाहते हैं, कृपया निम्न में से उसे SELECT करें –

☐ Assistant Labor Officer ☐ Labor Inspector ☐ Labor Sub Inspector

**क्या आप भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से स्नातक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण हैं ?**

○ Yes **(हॉं)** ○ No **(नहीं)**

टीप – Basic Information/मूलभूत जानकारी, Other Information/अन्य जानकारी, Present Address स्वयं से आपके द्वारा दी गई **प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) से आ जायेगी ।**

Exam city- जिस शहर में परीक्षा देने चाहते हैं का चयन करें ।

Type of Disabilities- यदि आप दिव्यांग हैं तो दिव्यांगता के प्रकार का चयन करें ।

Declaration- (घोषणा) – इसमें यह दिया गया है कि –

''मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में स्वयं के नाम, श्रेणी, वर्ग, शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, डाकपता एवं अन्य दी गई सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही है, जिसके सत्यतापूर्वक और सही होने की मैं घोषणा करता/करती हूँ । मैंने विभाग द्वारा जारी विज्ञापन में दर्शित नियमों एवं व्यापम के नियमों को पढ़ा है एवं समझा है । यदि ऊपर दी गई कोई भी जानकारी असत्य पायी जाती है तो चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर मुझे पूर्व सूचना दिये बिना मेरी अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकती है।''

I Agree–/(मैं सहमत हूँ) –इसमें उपरोक्त Declaration घोषणा को पढ़कर समझने के बाद अपनी सहमति प्रकट करते हुए सहमत हूँ पर क्लिक करें ।

Captcha/कृपया कैप्चा को दर्ज करें ।

**इसके पश्चात Submit में क्लिक करें ।**

..............................................

Chhattisgarh Professional Examination Board, Raipur
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर

Contact Us

# Candidate Enrollment Form

## Mobile No Verification

Mobile No (मोबाइल नंबर) *

[redacted]

First Name *

TEST

Middle Name

Last Name *

USER

## Create Password / पासवर्ड बनाये

Password (पासवर्ड) *

Confirm Password (पासवर्ड की पुष्टि) *

## Basic Information / मूलभूत जानकारी

Candidate's Name (उम्मीदवार का नाम) *

TEST USER

Relative's Type (रिश्तेदार का प्रकार) *

--Select--

Relative Name (रिश्तेदार का नाम) *

Mother's Name (माता का नाम) *

Gender (लिंग) *

--Select--

Date of Birth (जन्म का दिनांक) *

Domicile of Chhatisgarh (छत्तीसगढ़ के निवासी) *

--Select--

Family Yearly Income (पारिवारिक वार्षिक आय) *

Photo

Choose File No file chosen

Sign

Choose File No file chosen

Upload

Upload

[Image Size allowed 40.0 - 60.0Kb of type jpeg and png]/ छवि आकार की अनुमति 40.0 - 60.0 KB एवं प्रकार केवल jpeg, png में होनी चाहिए।

**Person With Disabilities** (क्या आप दिव्यांग है?) *

--Select--

**Type of Disability** (दिव्यांगता का प्रकार) *

--Select--

## Other Information / अन्य जानकारी

**Nationality** (नागरिकता) *

--Select--

**Category** (वर्ग) *

--Select--

**District Domicile** (स्थानीय जिला निवासी) *

--Select--

**Marital Status** (वैवाहिक स्थिति)

--Select--

**Email ID** (ईमेल)

## Present Address / वर्तमान पता

**House No** (मकान नंबर)

**Street** (स्ट्रीट)

**City/Village** (शहर / गांव)

**State** (राज्य) *

--Select--

District (जिला) *

--Select--

Pincode (पिनकोड) *

☐ Address Same as Present Address / स्थाई पता वर्तमान पते के समान

## Permanent Address / स्थाई पता

House No (मकान नंबर)

Street (स्ट्रीट)

City/Village (शहर / गांव)

State (राज्य) *

--Select--

District (जिला) *

--Select--

Pincode (पिनकोड) *

## Declaration / घोषणा

Declaration (घोषणा) *

मैं यह घोषणा करता /करती हूं कि मेरे द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में स्वयं का नाम ,वर्ग ,जन्मतिथि,पता एवं अन्य दी गयी सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही है,जिसके सत्यतापूर्वक सही होने की मैं घोषणा करता / करती हूं । उपरोक्त जानकारी अपूर्ण अथवा असत्य पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति,चयन प्रकिया अथवा नियुक्ति उपरांत किसी भी समय समाप्त/ निरस्त की जा सकेगी ।

☐ I Agree (मैं सहमत हूँ)

Captcha (कृपया कैप्चा को दर्ज करें) *

Submit

© 2023 CHiPS. All rights reserved.
This web site is best viewed in Google Chrome, Internet Explorer 9 and above.

**Chhattisgarh Professional Examination Board, Raipur**
**छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर**

Home Change Password Contact Us Help
Welcome TEEST USER Sign Out

# Application Form For

# Assistant Labor Officer, Labor Inspector Labor Sub Inspector (LOI) RECRUITMENT EXAM 2023

## Important Instructions

- ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता,स्थानीय निवासी आदि सम्बंधी प्रमाण-पत्र नहीं लिए जा रहे हैं । अभ्यर्थी के सभी प्रमाण-पत्र का परीक्षण काउन्सलिंग के दौरान की जाएगी । अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा । इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा ।
- ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटि को फार्म जमा करने के लिए निर्धारित समय-सीमा के दौरान भी सुधार कर सकते हैं । इसके अलावा ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि के पश्चात् भी 03 दिवस का समय दिया जायेगा । परीक्षा दिवस को ओ.एम.आर. उत्तरसीट पर कोई त्रुटि सुधार की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी ।
- आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद कृपया इसका प्रिंट आउट अपने पास अनिवार्य रूप से रखें।

## Exam Applied For

आप जिस-जिस पदों के लिए परीक्षा देना चाहते हैं कृपया निम्न में से उसे SELECT करें *

- [x] **Assistant Labor Officer**
- [ ] Labor Inspector
- [ ] Labor Sub Inspector

## Exam Pre-requisite

क्या आप भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से स्नातक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण हैं ?

(●) **YES** ( ) NO

Cancel

## Basic Information / मूलभूत जानकारी

**Candidate's Name** / उम्मीदवार का नाम

TEEST USER

**Relative's Type** (रिश्तेदार का प्रकार) *

Father

**Relative Name** (रिश्तेदार का नाम)

TEST FATHER

**Mother's Name** / माता का नाम

TEST MOTHER

**Gender** / लिंग

Male

**Date of Birth** / जन्म की तारीख

25-Nov-1999

**Age** / उम्र

23 Years

Category / वर्ग

OBC (NON CREAMY LAYER)

Person With Disabilities (क्या आप दिव्यांग है?)

No

Type of Disability (दिव्यांगता का प्रकार)

Payable Amount / भुगतान राशि

0

## Uploads / अपलोड





## Other Information / अन्य जानकारी

Marital Status / वैवाहिक स्थिति

Married

Nationality / नागरिकता

Indian

Domicile of Chhatisgarh / छत्तीसगढ़ के निवासी

Yes

Email ID / ईमेल

Mobile No (मोबाइल नंबर)

9691253679

District Domicile

Raipur

## Present Address / वर्तमान पता

House No / मकान नंबर

10

Street / स्ट्रीट

City/Village / शहर / गांव

State / राज्य

Chhattisgarh

District / जिला

Raipur

Pin Code / पिनकोड

492001

## Application Applied for Exam City

Exam City *

--Select--

For Physically Handicapped Candidate: Do You need to Scribe(Writer) ? ( क्या आपको सहलेखक की आवश्यकता है? )* *

No

## Class / श्रेणी

Do you belong to the Ex-Servicemen category?/ क्या आप भूतपूर्व सैनिक वर्ग से संबंधित हैं? *

○ Yes ○ No

## Declaration / घोषणा

Declaration / घोषणा *

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि, मेरे द्वारा आॅनलाइन आवेदन पत्र में स्वयं के नाम, श्रेणी, वर्ग, शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, डाक पता एवं अन्य दी गई सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही है, जिसके सत्यतापूर्वक और सही होने की मैं घोषणा करता/करती हूँ । मैंने विभाग द्वारा जारी विज्ञापन में दर्शित नियमों एवं व्यापम के नियमों को पढ़ा है एवं समझा है । यदि ऊपर दी गई कोई भी जानकारी असत्य पायी जाती है तो चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर मुझे पूर्व सूचना दिये बिना मेरी अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकती है ।

I do hereby declare, that the information related to my Name, Category, Gender, Qualification, Date of Birth, Address and all other information given above are correct and I truthfully declare it to be correct. I have gone through the rules and other information related to the exam notified by

☐ I Agree (मैं सहमत हूँ)

Captcha / कृपया कैप्चा को दर्ज करें *

xcQJpr

Submit Cancel

© 2023 CHiPS. All rights reserved.
This web site is best viewed in Google Chrome, Internet Explorer 9 and above.